भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1443

14 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुर्वेदिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र

1443. श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में विभिन्न रोगों के लिए आयुर्वेदिक दवाओं के विकास हेतु अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हरियाणा में भी ऐसे अनुसंधान केंद्र बनाने की योजना है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान कितने रोगों के लिए औषधियां विकसित की गई हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इन दवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): जी हां, भारत सरकार, आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेदीय विज्ञान में वैज्ञानिक तर्ज पर अनुसंधान शुरू करने, उसके समन्वय, निरूपण, विकास और संवर्धन हेतु केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) की एक स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापना की है। अनुसंधान गतिविधियां भारत-भर स्थित इसके 30 संस्थानों/केंद्रों/इकाइयों के माध्यम से और विभिन्न विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और संस्थानों के साथ सहयोगी अध्ययन के माध्यम से चलाई जाती हैं।

(ख): सीसीआरएएस की अनुसंधान गतिविधियों में औषधीय पादप अनुसंधान (मेडिको-एथनो वानस्पतिक सर्वेक्षण, फार्माकोग्नोसी और टिश्यू कल्चर), दवा मानकीकरण, औषधीय अनुसंधान, नैदानिक अनुसंधान, साहित्यिक अनुसंधान और प्रलेखन तथा अन्य आउटरीच गतिविधियां शामिल हैं। परिषद, शास्त्रीय आयुर्वेदिक फार्मूलेशनों के सत्यापन और नई आयुर्वेदिक औषधि के विकास के लिए नैदानिक परीक्षण भी कर रही है जिसमें एएसयू औषधियों हेतु उत्तम नैदानिक अभ्यास दिशानिर्देश (जीसीपी-एएसयू), आयुष मंत्रालय और जैव-चिकित्सा अनुसंधान हेतु नैतिक दिशानिर्देश (आईसीएमआर), पारंपरिक चिकित्सा हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देश आदि जैसे प्रचलित दिशानिर्देशों को आवश्यकतानुसार अपनाया जाता है। परिषद ने अपनी स्थापना के बाद से, दवा विकास प्रक्रिया के जरिए विभिन्न आयुर्वेदिक दवाओं का विकास किया है।

(ग): हरियाणा में अनुसंधान केंद्र विकसित करने की कोई योजना नहीं है।

(घ): पिछले तीन वर्षों से, सीसीआरएएस डेंगू, माइग्रेन, कैंसर रोगियों की जीवन क्षमता में सुधार, बच्चों में मानसिक मंदता, जरावस्था स्वास्थ्य, कंजक्टिवाईटिस, कैंसर, मधुमेह, अस्थमा, फाइलेरिएसिस,

व्यावसायिक तनाव, एटीटी प्रेरित हेपेटोटॉक्सिसिटी, नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लीवर रोग, प्रसवपूर्व देखभाल (एनीमिया), प्रसवपूर्व देखभाल (एडिमा), मलेरिया, हल्के से मध्यम कोविड-19 के लिए पुन:उपयोग, जैसे रोगों के लिए विभिन्न आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन विकसित करने की प्रक्रिया में है। विवरण **संलग्नक** में दिया गया है।

(ङ): औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 में आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधियों के लिए विशिष्ट विनियामक प्रावधान हैं। आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण और औषध लाइसेंस जारी करने से संबंधित कानूनी प्रावधानों का प्रवर्तन संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा नियुक्त राज्य औषध नियंत्रकों/राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों में निहित है।

*****

संलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान सीसीआरएएस द्वारा विकसित औषधियां

औषधि मानकीकरण के तहत औषधियों के नाम	**पूर्व-नैदानिक सुरक्षा विषाक्तता अध्ययन के तहत औषधियों के नाम**	**नैदानिक अध्ययन के तहत औषधियों के नाम**	**पूर्ण नैदानिक अध्ययन वाली औषधियों के नाम**
1. आयुष-मानस आयुष-एजी आयुष-पीजी	1. आयुष-एचआर,	1. आयुष-एम 3 - माइग्रेन और उच्च रक्तचाप	1. आयुष-रसायन ए एंड बी - जरावस्था स्वास्थ्य
2. आयुष-56	2. आयुष-एसडीएम टैबलेट,	2. आयुष-ए - अस्थमा	2. आयुष-पीजे-7 - डेंगू
3. आयुष-एचआर	3. आयुष-पीके अवलेह,	3. आयुष-एसआर - व्यावसायिक तनाव	3. आयुष-क्यूओएल-2सी - कैंसर रोगियों की जीवन क्षमता
4. आयुष-64	4. आयुष-एससी-3	4. आयुष-पीटीके - एटीटी प्रेरित हेपेटोटॉक्सिसिटी	4. आयुष - पीई आई ड्रॉप्स-कंजक्टिवाइटिस
5. आयुष-एसजी	5. आयुष-एसएस ग्रैन्यूल्स	5. आयुष-जीएमएच - नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लीवर रोग	5. आयुष-डी - प्री-डायबिटीज और डायबिटीज
6. आयुष घुट्टी	6. आयुष-एलएनडी,	6. कार्क्टोल-एस डिम्बग्रंथि के कैंसर में	6. आयुष-एसएल - फाइलेरिएसिस
7. आयुष केवीएम सिरप	7. आयुष-64	7. आयुष-एचआर- प्री-हाइपरटेंशन	7. आयुष - 64 (पुन:उपयोग) - मलेरिया/हल्के से मध्यम कोविड-19
8. आयुष-एम 3	8. आयुष एसजी-5	8. आयुष-एलएनडी - असामान्य गर्भाशय रक्तस्राव	8. आयुष-एजीटी - रूसी
9. आयुष-एसएस ग्रैन्यूल्स	9. आयुष-पीटीके और आयुष-जीएमएच		9. सी-1 तेल - घाव भरना
10. आयुष-एससी3	10. कार्क्टोल-एस		10. आयुष-एजीटी - घाव भरना
11. आयुष-एसआर	11. आयुष मानस		11. आयुष - सीसीटी - पोस्ट ऑपरेटिव - कार्डियक केयर
12. आयुष-पीटीके			12. आयुष-एसएस - ग्रैन्यूल्स– अपर्याप्त दुग्ध स्रवण
13. आयुष-जीएमएच			13. निम्बातिक्तम और लज्जालु केरम जेल - सोरायसिस
14. आयुष-पीवीके जेल			
15. आयुष-एनटी कैप्सूल			
16. आयुष-एलके जेल			
17. आयुष-एसएल			
18. आयुष-डी			
19. आयुष-कार्क्टोल			
20. आयुष-सीसीटी			
21. आयुष-82			
22. आयुष-एजीटी			